# तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रही इंडी एलायंसः मुख्यमंत्री धामी

**चुनावी दौरा**


**- युवा सम्मेलन के जरिए युवाओं में भरा जोश, राष्ट्रवाद और मां भारती की सेवा का दिया मंत्र**


इन दिनों मुख्यमंत्री धामी चुनावी दौरे पर हैं और ताबड़तोड़ रैली व सभा कर रहे हैं।

**देहरादून/हैदराबाद/टीम एक्शन इंडिया**
तेलंगाना में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इंडी एलायंस में शामिल पार्टियां केवल तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं।
कर्नाटक में जिस तरह से ओबीसी समाज के लोगों का हक विशेष धर्म के लोगों को देने का कार्य किया गया है, वह अत्यंत निंदनीय है।
वे भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों में जोश भर रहे हैं। सोमवार को वह तेलंगाना में चुनावी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने तेलंगाना के सिकंदराबाद से भाजपा उम्मीदवार किशन रेड्डी के पक्ष में आज आयोजित युवा सम्मेलन में युवाओं को साधने के साथ उनमें जोश भरा। उन्होंने तेलंगाना के युवाओं को राष्ट्रवाद और मां भारती की सेवा का मंत्र दिया।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। लोकतंत्र के इस पर्व में एक-एक वोट का महत्व है इसलिए वोटिंग के दिन सभी को अपनी सहभागिता अवश्य सुनिश्चित करनी है और कमल के फूल वाला बटन दबाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। पूर्ण विश्वास है कि सिकंदराबाद की जनता भाजपा उम्मीदवार किशन रेड्डी को प्रचंड मतों से जिताने के साथ नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनसमर्थन मांगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तराखंड में लैंड जिहाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच हजार एकड़ से अधिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। सरकार ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू किया है। भाजपा के संकल्प पत्र में भी पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प निहित है।

## आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं का रिजल्ट जारी

**मुख्यमंत्री धामी ने उत्तीर्ण छात्रों को दी बधाई**


Pushkar Singh Dhami
1 h
ICSE बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए समस्त छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई।
आप सभी विद्यार्थीगण इसी तरह परिश्रम और ध्येय निष्ठा के साथ जीवन पथ पर नित नई सफलताओं को प्राप्त कर देश-प्रदेश का नाम रोशन करते रहें।
परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों से कहना चाहता हूं कि आपके समक्ष अवसरों की लंबी कतार है, एक बार फिर और अधिक परिश्रम के साथ आप सफलता को अर्जित कर सकते हैं।
आप सभी के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत शुभकामनाएं।
574 132 11
Like Comment

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी है। धामी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर लिखा- आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए समस्त छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई।
मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि आप सभी विद्यार्थीगण इसी तरह परिश्रम और ध्येय निष्ठा के साथ जीवन पथ पर नित नई सफलताओं को प्राप्त कर देश-प्रदेश का नाम रोशन करते रहें। परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों से कहना चाहता हूं कि आपके समक्ष अवसरों की लंबी कतार है, एक बार फिर और अधिक परिश्रम के साथ आप सफलता को अर्जित कर सकते हैं। आप सभी के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत शुभकामनाएं !

**लड़कियों का दबदबा**
आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं का रिजल्ट सोमवार को जारी हो गया है। इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है। आईसीएसई 10वीं में 99.65 प्रतिशत लड़कियां और 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए हैं।

## स्मैक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**धर दबोचा**

**नगर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को एक आरोपित को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया२**
नगर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को एक आरोपित को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।
कोतवाली नगर पुलिस को ठोकर नं. दस के पास एक स्मैक तस्कर के होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित को धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपित के पास से 07.58 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम और पता जुनैद पुत्र इरफान निवासी ग्राम नानौली थाना बेहट सहारनपुर उ.प्र. बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

## लोक सेवा आयोग ने चुने 25 अभियंता, सूची जारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसेवा आयोग द्वारा ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सिविल अभियंत्रण में सफल 24 अभ्यर्थियों एवं सहायक अभियंता विद्युत/ यांत्रिक अभियंत्रण के एक अभ्यर्थी की चयन सूची जारी कर दी है।
इसके तहत सामान्य श्रेणी में शुभम कुमार सिंह, बृजेश्वर तिवारी, सूर्य प्रकाश वर्मा, सौरभ कैंतुरा, अरुण चौकियाल, अखिल गुप्ता, शिवर त्रिपाठी, हर्ष डोभाल, अक्षित मेवाड़, नवनीत सिंह रावत के नाम शामिल हैं। जबकि पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों में संदीप नौटियाल, अभिषेक जोशी शामिल किए गए हैं। कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों में सचिन सिंह बागड़ी और अक्षय साक्त के नाम शामिल है जबकि कातयायनी नौटियाल, अचल बिष्ट विशेष श्रेणी में चुने गए हैं।
अनुसूचित जाति अभ्यर्थी देवेंद्र सिंह के बाद यामिनी खनायक सामान्य श्रेणी, निधि रावत, सामान्य श्रेणी, राजेंद्र कुमार आरक्षित वर्ग, मनीष रावत पिछड़ा वर्ग, आशीष कुमार आरक्षित, मेघा और राशि सिंह आरक्षित वर्ग में चुनी गई है जबकि रोहित सिंह वर्मा सामान्य वर्ग में सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिक चुने गए हैं। लोक सेवा आयोग द्वारा यह सूची सोमवार छह मई को जारी की गई है।

## पुलिया के पास मिली युवती की लाश

**शव बरामद**

**रायवाला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए ऋषिकेश एम्स भेज दिया है**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
रायवाला थाना क्षेत्र केअंतर्गत देहरादून-जंगलात रोड पर पुलिस ने तीन पानी पुलिया के नीचे एक अज्ञात नवयुवती का शव बरामद किया है। रायवाला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए ऋषिकेश एम्स भेज दिया है। प्रथम दृष्टया महिला की हत्या गला रेत कर की गई लगती है।
थाना रायवाला के प्रभारी ने बताया कि सोमवार की सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि तीन पुलिया के नीचे एक युवती का शव पड़ा हुआ है। इस पर रायवाला पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए ऋषिकेश एम्स भेज दिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की मौत किसी धारदार हथियार से गला रेतने के कारण प्रतीत होती है। युवती के गले में गहरे घाव के निशान मिले हैं।
युवती ने हरे रंग का टॉप और काले रंग की जींस पहनी हुई है, उसके दाएं हाथ में काला धागा बांधा हुआ है। युवती की उम्र लगभग 20 से 25 साल के लगभग लग रही है। शव के पास एक जैकेट भी पड़ा मिला।

## केदारनाथ धाम कपाटोत्सव की तैयारी शुरू, पंचमुखी विग्रह डोली का प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान



**उखीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
केदारनाथ धाम कपाटोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। स्थानीय शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से भगवान केदारनाथ की पंचमुखी विग्रह मूर्ति की देव डोली प्रथम पड़ाव के लिए सोमवार सुबह गुप्तकाशी के लिए प्रस्थान कर गई। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली विद्वान आचार्यों की वेद ऋचाओं, हजारों श्रद्धालुओं की जयकारों, महिलाओं के मंगल गीतों व आर्मी की बैंड धुनों के साथ कैलाश के लिए रवाना हुई। डोली प्रथम रात्रि प्रवास के लिए विश्वनाथ मन्दिर गुप्तकाशी पहुंचेगी।
पंचकेदार ओंकारेश्वर मंदिर को दानीदाताओं के सहयोग से बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने भव्य रूप से फूलों से सजाया गया है। केदानाथ धाम के कपाट 10 मई को प्रातः 7 बजे खुलेंगे।
रविवार देरशाम ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान भैरवनाथ की पूजा की गई हुई। बीकेटीसी के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली विशेष पूजा-अर्चना व श्रृंगार के बाद सुबह लगभग 10 बजे ओंकारेश्वर मंदिर से रवाना हुई। विश्वनाथ मन्दिर गुप्तकाशी से सात मई को भगवान केदारनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली रवाना होगी। यह नाला, नारायणकोटि, मैखण्डा यात्रा पड़ावों पर भक्तों को आशीर्वाद देते हुए द्वितीय रात्रि प्रवास के लिए फाटा पहुंचेगी। आठ मई को शेरसी, बड़ासू, रामपुर, सीतापुर, सोनप्रयाग होते हुए रात्रि प्रवास के लिए गौरी माता मन्दिर गौरीकुंड पहुंचेगी। नौ मई को गौरीकुंड से रवाना होगी और जंगलचट्टी, भीमबली लिनचोली, बैस कैंप होते हुए केदारनाथ धाम पहुंचेगी।

## जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य करना सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना

**समीक्षा बैठक**

**जिलाधिकारी ने सोमवार को जिला स्तरीय सतत जल प्रबंधन कार्यक्रम और कैच द रैन कार्यों की समीक्षा बैठक ली।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने सोमवार को जिला स्तरीय सतत जल प्रबंधन कार्यक्रम और कैच द रैन कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर लक्ष्य निर्धारित करते हुए एकीकृत योजना के साथ जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य करना सुनिश्चित करें।
जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, सिंचाई, मत्स्य और अन्य विभाग और जल सर्वधन कार्यों से जुड़े स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय लोगों को भी इसमें शामिल किया जाए और सबके सुझाव लेकर जलस्रोत और क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं के अनुरूप जल संरक्षण कार्यों का क्रियान्वयन किया जाए। ताकि प्राकृतिक जलस्रोत नोले-धारे और नदियों का चिरस्थाई प्रवाह बना रहे। वर्षा जल संरक्षण के लिए भी विभागीय स्तर पर लक्ष्य निर्धारण करते हुए सघन पौधरोपण, खंती, चाल-खाल, चेकडैम और अन्य जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया जाए।
परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि स्प्रिंगशेड एंड रिवर रिजुवनेशन अथॉरिटी (सारा) के अंतर्गत जिला स्तर पर प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जल संस्थान को नोडल विभाग बनाया गया है। जल संस्थान की ओर से इसकी कार्ययोजना तैयार की गई है। जल संस्थान, जल निगम, सिंचाई, वन और अन्य विभागों के सहयोग से प्रत्येक विकासखंड में 10-10 प्राकृतिक जल स्रोतों के संवर्धन के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। कैच द रैन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में इस वर्ष 10.68 लाख प्लांटेशन, 1.43 लाख ट्रेंच निर्माण, 1351 चाल-खाल, 4752 चेकडैम एवं 936 अन्य जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, ईई जल निगम वीके जैन, ईई जल संस्थान एसके श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## पिकअप वाहन के खाई में गिरने से तीन की मौत, एक घायल



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद देहरादून-कोटि रोड धमोक मंदिर छिबरो पावर हाउस के पास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। इस हादसे में तीन लोगों की मत्यु हो गई और एक घायल हो गया। वाहन में चालक सहित कुल चार लोग सवार थे। घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।
पुलिस के अनुसार रविवार सायं हिमाचल प्रदेश नंबर का एक पिकअप वाहन हरिपुर-कोटी-मीनस विकास नगर से हिमाचल प्रदेश के नेरवा की ओर जा रहा था। इसी दरम्यान वाहन छिबरौ पावर हाउस के पास खाई में गिर गया। वाहन में सवार हिमाचल प्रदेश के तीन लोगों की मौत हो गई। थाना कालसी की ओर से एसडीआरएफ को सूचना पर डाकपत्थर से एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित रेस्क्यू अभियान शुरू किया।पिकअप वाहन में सवार 04 लोगों में से एक घायल सुशील पुत्र कान्हा सिंह (28) निवासी किलारा थाना नेरवा हिमाचल प्रदेश को रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया गया। घटना में मृत 03 लोगों के शवों को बरामद कर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। मृतकों में कंवर सिंह पुत्र भाग सिंह निवासी सैनाटा थाना नेरवा हिमाचल,रोहित पुत्र स्वर्गीय विपिन निवासी चौपाल थाना चौपाल हिमाचल प्रदेश,मनमोहन शामिल हैं।

## मासूम से दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**दुष्कर्म**

**पुलिस आरोपित नाबालिग के मामा और उसका वीडियो वायरल करने के आरोपित की तलाश में जुटी है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में आरोपित नाबालिग के मामा और उसका वीडियो वायरल करने के आरोपित की तलाश में जुटी है।
घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि गंगनहर कोतवाली रुड़की में दो मई को पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर में बताया था कि उसका सगा साला अक्सर उसकी नाबालिग बेटी को अपने घर लाता-ले जाता था। कुछ समय पूर्व एक वीडियो वायरल होने पर शिकायतकर्ता को जानकारी मिली कि उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया है। शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर पीड़िता के पिता ने कोतवाली गंगनहर पर मामा सहित तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।
एसएसपी ने बताया कि करीब 12 वर्षीय बच्ची से जुड़ा बेहद संवेदनशील मामला होने के दृष्टिगत उन्होंने आरोपितों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पर एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह और सीओ रुड़की नरेन्द्र पंत को दिए।
जिन्होंने खुद मामले की मॉनिटरिंग करते हुए टीमें गठित कीं।एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पीड़िता से दुष्कर्म के आरोपित मुर्सलीन उर्फ काला निवासी सालियर कोतवाली गंगनहर हरिद्वार को पनियाला रोड रुड़की से गिरफ्तार कर लिया।

## हिमालय बुडवेज और पार्चमेंट सेंटर में देसंविवि व गायत्री विद्यापीठ की उपलब्धि

**सम्मानित**

**शांतिकुंज के अनेक स्काउट्स व गाइड्स राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित हैं**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड में स्काउट एवं गाइड का एक अलग जनपद की मान्यता प्राप्त करने के बाद शांतिकुंज कई उपलब्धियां हासिल कर ली है।
शांतिकुंज के अनेक स्काउट्स व गाइड्स राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित हैं। उपलब्धि के इस अध्याय में हिमालय व बुडवेज व पार्चमेंट सेरेमनी कैंपिंग सेंटर में देव संस्कृति विश्वविद्यालय से रोवरिंग में मंगल सिंह गढ़वाल एवं सूर्यनाथ यादव तथा गायत्री विद्यापीठ के विनय शर्मा ने एक और नया अध्याय जोड़ा।
जब इन्होंने हिमालय बुडवेज में एक नयी कीर्तिमान स्थापित किया। इन्हें प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त आरएस नेगी ने बीड्स पहनाकर विशेष रूप से सम्मानित किया। तो वहीं प्रादेशिक आयुक्त सीमा जोनसारी ने पार्चमेंट प्रदान किए।
हिमालय बुडवेज एवं पार्चमेंट सेरेमनी कैंपिंग सेंटर देहरादून में सम्पन्न होने के बाद आज देसंविवि व गायत्री विद्यापीठ के प्रतिनिधि गायत्री तीर्थ पहुंचे। संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी से भेंट की और आशीर्वाद लिया। शैलदीदी ने कहा कि स्काउट गाइड संस्था अभियान द्वारा अच्छे नागरिक समाज को देने मे महती भूमिका रही है।
इस अवसर पर शांतिकुंज जनपद के स्काउट गाइड के पदाधिकारियों को गायत्री परिवार के अभिभावक व अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या, देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या सहित देसंविवि व शांतिकुंज परिवार ने बधाई दी है।
उल्लेखनीय है कि हिमालय वुडवंज का प्रशिक्षण, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्यप्रदेश से मंगल गढ़वाल, सूर्यनाथ यादव व विनय शर्मा उच्च प्रशिक्षित हैं।

## व्यक्ति की ट्रेन से टकराकर मौत, पुलिस जांच में जुटी

**ऋषिकेश /टीम एक्शन इंडिया**
जेजे ग्लास फैक्टरी के पीछे रेलवे पटरी पर एक व्यक्ति की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई।
पुलिस चौकी श्यामपुर को सूचना मिली कि जेजे ग्लास फैक्टरी के पीछे रेलवे पटरी पर एक व्यक्ति ट्रेन से टकराकर अत्यधिक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा तो देखा कि एक व्यक्ति ट्रेन की पटरी किनारे अत्यधिक गंभीर घायल अवस्था में पड़ा है, जिसको 108 के माध्यम से एम्स अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टरों ने उस व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। उक्त व्यक्ति का नाम पता 74 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र बख्तावर निवासी बाल्मीकि बस्ती ऋषिकेश है।

**Name Change**
I Trilok Ram S/o Har Ram R/o H.No.31, Tahsil Ward - 2, P.O - Didihat, Teh.- Didihat, Dist.- Pithoragarh, Uttarakhand - 262551, have changed my name to Trilok Baruri

# सरकार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण और वन्य जीव : करन माहरा

**विफल**

**पर्वतीय क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग से भगवान के मन्दिर भी सुरक्षित नहीं हैं।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मकाल शुरू होते ही उत्तराखण्ड के जंगल आग से धधकने लगते हैं। लेकिन इस आपदा से निपटने में समय रहते भाजपा सरकार इंतजामात करने में पूरी तरह विफल रही है। इस वनाग्नि में न केवल करोड़ों रुपये की वन सम्पदा जल कर नष्ट हो गई है अपितु वन्य जीवों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।
प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन और प्रशासन मथुरा दत्त जोशी ने करन माहरा के हवाले से कहा कि आज लगभग दो माह से उत्तराखंड की वन सम्पदा आग से नष्ट होती जा रही है। लेकिन राज्य सरकार और वन विभाग के स्तर से इसे बचाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आग से धधकती प्रदेश की अमूल्य वन सम्पदा के साथ ही हमारे वन्य पशु, वृक्ष-वनस्पतियां, जलस्रोत और यहां तक कि ग्लेशियर भी इस भीषण दावानल से संकट में हैं। आज विश्व के पर्यावरणीय वातावरण में तेजी से बदलाव आ रहा है जिसका असर हिमालय के हिमखण्डों पर भी पड़ रहा है। उत्तराखण्ड राज्य 67 प्रतिशत वनों से आच्छादित है।
उन्होंने कहा कि विगत दो माह से लगी वनों की आग से कई जगह हादसों से दो चार होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर दूनागिरी मन्दिर के निकट जंगल में लगी आग के कारण तीर्थ यात्रियों को बमुश्किल अपनी जान बचानी पड़ी वहीं एडीधूरा मन्दिर में आग से स्थानीय धर्मशाला पूरी तरह जल कर नष्ट हो गई। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग से भगवान के मन्दिर भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने हेलीकाप्टर से आग बुझाने का

## वनाग्नि के पीछे डबल इंजन सरकार की घोर लापरवाही: सूर्यकांत धस्माना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड के जंगलों में लगी भीषण आग के विकराल रूप धारण करने के पीछे केंद्र व राज्य की डबल इंजन की भाजपा सरकार की घोर लापरवाही है।उन्होंने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से तत्काल हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य का कोई जनपद ऐसा नहीं है, जहां वन में आग ना लगी हो।

# पत्रकार तिवारी की पुत्री ने किया आईएससी में सेंट मेरीज टॉप, आईसीएसई में हर्षदा टॉप

**परिणाम**

**वहीं बारहवीं कक्षा भी सभी 83 छात्राएं विशिष्ट योग्यता के साथ उत्तीर्ण हुई हैं।**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट इक्जामिनेशन ने सोमवार को आईसीएसई यानी 10वीं एवं आईएससी यानी 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिये हैं।
इन परीक्षाओं में शिक्षा नगरी नैनीताल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यहां 12वीं में दिव्यांशी तिवारी ने 96.5 फीसद अंकों के साथ और 10वीं में हर्षदा उपाध्याय ने 97.2 फीसद अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये हैं। दिव्यांशी नगर के पत्रकार व व्यवसायी नवीन तिवारी की पुत्री है। सेंट मेरीज कॉन्वेंट में 10वीं में सभी 98 छात्राएं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से 26 विद्यार्थियों ने 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। हर्षदा उपाध्याय ने 97.20, रियांशी गुरुरानी ने 96.80 व अश्लेषा साह ने 96.40 फीसद अंक प्राप्त किये हैं। हर्षदा के कंप्यूटर साइंस व रियांशी के शारीरिक शिक्षा में शत-प्रतिशत अंक हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड में शूट हुई अविनाश ध्यानी की फिल्म 'फूली' 7 जून को सिनेमाघरों में

**देहरादून**
बॉलीवुड के युवा एक्टर, राइटर और डायरेक्टर अविनाश ध्यानी की नई फिल्म फूली अगले महीने 7 जून को सिनेमाघरों में आ रही है। पद्म सिद्धी फिल्म्स बैनर तले निर्मित इस फिल्म में मुख्य रूप से शिक्षा पर फोकस के साथ-साथ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, सर्व शिक्षा अभियान, जेंडर इक्वलिटी और लड़कियों के अधिकार जैसे विषय मजबूती से उठाए गए हैं।
डायरेक्टर अविनाश ध्यानी कहते हैं कि उनकी यह फिल्म इस तथ्य पर जोर देती है कि प्रोसेस ही जादू है, यानी आपकी मेहनत ही आपकी सफलता की चाबी है। फूली के जरिये दर्शकों को पहाड़ की स्त्री की जीवन यात्रा भी देखने को मिलेगी। फिल्म की पूरी शूटिंग उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के एक छोटे से गांव तिमली में की गई है। फूली एक 14 वर्षीय पहाड़ी लड़की की कहानी है। एक शराबी पिता और हर मोड़ पर कठिन चुनौतियों के साथ स्कूल जाने का सामान्य कार्य भी फूली के लिए एक कठिन कार्य बन जाता है। फिर भी, बाधाओं से विचलित हुए बिना फूली ने खुद को अपनी पढ़ाई के लिए पूरे दिल से समर्पित कर दिया। खास बात ये है कि फिल्म में काम करने वाले सभी बच्चे स्थानीय निवासी हैं, जिन्होंने पहली बार कैमरे का सामना किया है।
फूली का किरदार निभा रही रिया बलूनी भी पहाड़ की ही रहने वाली हैं। अविनाश ध्यानी बताते हैं कि शूटिंग से पहले इसमें अभिनय करने वाले बच्चों को एक वर्कशॉप के माध्यम से ट्रेंड किया गया है। फिल्म में अविनाश ध्यानी और सुरूचि सकलानी ने भी अहम मुख्य किरदार निभाए हैं। फिल्म में कुल चार गाने हैं जिन्हें अलका याग्निक, नक़्क़ाश अजीज, राजा हसन और ध्रुव कुमोला ने अपनी आवाज दी है। एक्टर, डायरेक्टर और राइटर के रूप में यह अविनाश ध्यानी की तीसरी फिल्म है। इससे पहले वे फिल्म 72 ऑवर्स मार्टियर हू नेवर डाइड के जरिये भी दर्शकों से मुखातिब हो चुके हैं।

### मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम ने भक्तों को ध्यान और आध्यात्मिक परिवर्तन के मार्ग पर पुन: दृढ़ किया

**देहरादून**
भक्तों में आध्यात्मिक ज्ञान, प्रेम, सद्भाव और भक्ति की भावना को जागृत करने के लिए ह्यदिव्य गुरुदेव आशुतोष महाराज जी (संस्थापक व संचालक, डीजेजेएस) के तत्वावधान में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रमह्ल आयोजित किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारम्भ वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। तदोपरांत, भावपूर्ण-सुमधुर भजनों ने संपूर्ण वातावरण को दिव्य बना दिया। डीजेजेएस के प्रचारकगणों ने मार्मिक व प्रेरक प्रवचन दिए, जिन्होंने आध्यात्मिक पथ पर भक्ति और निरंतर ध्यान के महत्व को स्पष्ट रूप से समझाया।
डीजेजेएस प्रतिनिधियों ने विस्तृत रूप से समझाया कि अध्यात्म-पथ की यात्रा के दौरान एक साधक को मार्ग में विभिन्न बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जो उसके भीतर संदेह और अनिश्चितता जैसी भावनाओं को उत्पन्न करने का प्रयास करती हैं। लेकिन इस परीक्षा के समय में हमें अंतमुर्खी हो जाना चाहिए अर्थात ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान साधना, प्रार्थना और भक्ति से जुड़ जाना चाहिए। ऐसा करके हम आत्मिक शक्ति को जागृत कर इन सभी बाधाओं को आध्यात्मिक विकास और स्वनिर्माण के अवसरों में परिवर्तित कर सकते हैं।
दिव्य गुरुदेव आशुतोष महाराज के शिष्यों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एक सच्चा शिष्य निरूस्वार्थ भाव से गुरु और गुरु के मिशन की सेवा करता है। वह अपना समय, प्रतिभा और संसाधन जन-कल्याण के लिए अर्पित करता है। श्सेवाश के माध्यम से वह मानवता के उत्थान में योगदान देते हुए, गुरु के आदर्शों और उनके लक्ष्य के प्रति अपना समर्पण व कटिबद्धता व्यक्त करता है। अंत में प्रेम, सद्भाव और एकता की भावना को सबके भीतर स्थापित करने के लिए सामूहिक ध्यान सत्र भी रखा गया।
इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्तों ने भरपूर रूप से अपने भीतर प्रेरणाओं को संजोया। साथ ही दिव्य गुरु के मार्गदर्शन में अपनी भूमिका निभाने का दृढ़ संकल्प भी लिया।

### रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाली महिलाओं को सुरक्षा देने की मांग


**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाली महिलाओं को सुरक्षा देने और आरोपित के प्रत्यर्पण की मांग को लेकर सोमवार को महानगर महिला कांग्रेस ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।
महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी के नेतृत्व में सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं को सुरक्षा और राहत देने की मांग राष्ट्रपति से की है।

# लच्छीवाला नेचर पार्क स्विमिंग पूल का पुस्ता टूटा, बड़ा हादसा टला

**आवाजाही बंद**

**डोईवाला के लच्छीवाला का नेचर पार्क भी पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करता है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डोईवाला के लच्छीवाला में लच्छीवाला नेचर पार्क स्विमिंग पूल का पुस्ता टूट गया। हालांकि इससे किसी पर्यटक को चोट नहीं पहुंची। नेचर पार्क के कर्मचारियों ने पुस्ता टूटने के चलते फिलहाल वहां से आवाजाही बंद करा दी है। यह घटना सोमवार को घटी।
जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है दूर-दराज व अन्य राज्यों से



तमाम पर्यटक उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में पहाड़ों के मौसम का लुफ्त उठाने आने शुरू हो गए हैं। डोईवाला के लच्छीवाला का नेचर पार्क भी पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करता है। यही वजह है कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए इस वर्ष लच्छीवाला के नेचर पार्क में स्विमिंग पूल को बेहतर ढंग से तैयार किया गया था, जिससे कि यहां आने वाले पर्यटक स्विमिंग पूल का लुफ्त उठा सकें। लेकिन रविवार के दिन जब डोईवाला के लक्ष्मीवाला नेचर पार्क में तमाम पर्यटकों की भीड़ स्विमिंग पूल में लुफ्त उठा रही थी, तभी अचानक स्विमिंग पूल का पुस्ता भर भराकर गिर गया।
यह घटना उस वक्त घटी, जब हमारी दोपहर में पर्यटक गर्मी से राहत के लिए स्विमिंग पूल के अंदर मौजूद थे। गनीमत रही कि किसी पर्यटकों कोई चोट नहीं पहुंची और एक बड़ी दुर्घटना घटने से बच गई। स्विमिंग पूल का पुस्ता गिरने से वहां मौजूद पर्यटकों में अफरा तफरी मच गई। लच्छीवाला नेचर पार्क के कर्मचारियों ने मौके की नजाकत को भांपते हुए तुरंत पुस्ते से आवाजाही बंद कर दी।
इस संबंध में एक स्थानीय निवासी दिनेश गुसाई का कहना था कि जहां पुस्ता गिरा है, वहां 5-13 साल के उम्र के लगभग 15 बच्चे नहा रहे थे। उनके निकले के पांच मिनट बाद यह पुस्ता गिरा अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। लच्छीवाला नेचर पार्क में काम करने वाले कर्मचारी का कहना था कि पुस्ते का जाल बनाया गया था, जिसमें तार निकले हुए हैं। कई बार शरारती तत्व उसे पकड़ कर खींचते हैं, जिससे पत्थर ढीले हो गए होंगे और उससे यह पुस्ता गिर गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पुस्ते को ठीक करा दिया जाएगा। पुस्ते से आवाजाही रोकी दी गई है। इसके लिए कर्मचारी लगा दिए गए हैं।

# गन्ने के पत्ते और फसलों की पराली जलाने पर रोक के आदेश

**पूर्णतः प्रतिबंध**

**अग्रिम आदेशों तक फसलों की पराली, गन्ने की पत्तियों आदि को जलाने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने जनपद हरिद्वार में अग्रिम आदेशों तक फसलों की पराली, गन्ने की पत्तियों आदि को जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है।
जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि वर्तमान में राज्य के कई हिस्सों में वनाग्नि की घटनाएं घटित हो रही है। जिससे व्यापक हानि भी हुई है। जनपद हरिद्वार में अधिकांश कृषकों, काश्तकारों के गेहूं की फसल कटाई के उपरांत बचे हुए अवशेष को और गन्ने की पत्तियों को जलाया जाता है। जो भारतीय दण्ड संहिता 1860, वायु प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1981 के अंतर्गत कानूनी अपराध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रचण्ड गर्मी के कारण तापमान में और वृद्धि होने की सम्भावना है। ऐसे में गेहूं की फसल कटाई के उपरांत बचे हुए अवशेष और गन्ने की पत्तियों को जलाये जाने से आसपास अग्निकांड होने की संभावना है। इस कारण से इस पर तत्काल रोक लगाया जाना आवश्यक है।
जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने जनहित में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30 के उपबन्धों में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनपद हरिद्वार के अंतर्गत अग्रिम आदेशों तक फसलों की पराली, गन्ने की पत्तियों आदि को जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है।
उन्होंने कहा कि यदि इसका उल्लंघन किया जाता है तो आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 और भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

## फसल की रखवाली कर रहे किसान को हाथी ने मार डाला

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
खेत में फसल की रखवाली कर रहे किसान को हाथी ने देर रात्रि पटक कर मार डाला। यह घटना जनपद के बुग्गावाला थाना के अंतर्गत टोंगिया की है।मृतक 65 वर्षीय धरमु भगत जंगल में अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। जंगल से एक हाथी आया और धर्म को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भिजवाया।धरमू की मौत से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों को तुरंत मुआवजा देने की मांग की है।

# बदरीनाथ धाम : पांच दशक बाद पुनः जीवित हुई रावल पट्टाभिषेक की परंपरा



**पट्टाभिषेक**

**-बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी का टिहरी राज दरबार में हुआ पट्टाभिषेक**

**नरेंद्र नगर/ ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। इससे पहले बदरीनाथ धाम से संबंधित पांच दशक पहले समाप्त हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा पुनः जीवित हो गयी।
सोमवार को टिहरी राजदरबार नरेन्द्र नगर में पूजा-अर्चना और विधि-विधान से महाराजा टिहरी मनुज्येंद्र शाह की ओर से बदरीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया गया और सोने का कड़ा पहनाया। इससे पहले वर्ष 1977 में रावल टी केशवन नंबूदरी का पट्टाभिषेक हुआ था। इसके बाद यह परंपरा रुक गयी थी।
बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इसके लिए पहल की और आज राज दरबार में पूजा अर्चना के पश्चात रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को महाराजा मनुज्येंद्र शाह सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, बेटी शिरजा शाह सहित बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय और उपाध्यक्ष किशोर पंवार की उपस्थिति में अंग वस्त्र भेंट कर सोने का कड़ा पहनाया गया। सोने का कड़ा राजशाही की परंपरा प्रतीक है।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि रावल की नियुक्ति मंदिर समिति एक्ट 1939 से पहले महाराजा टिहरी की ओर से होती थी। यह पट्टाभिषेक और सोने का कड़ा उसी परंपरा का एक ऐतिहासिक व सास्कृतिक प्रतीक चिह्न है।
राजदरबार नरेंद्र नगर में इस अवसर पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल, बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, राजमहल के ओएसडी राजपाल जरधारी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में सात से 10 मई तक मौसम बदलने के आसार

**मौसम**

**- येलो अलर्ट जारी, जंगलों में लगी आग बुझाने में सहायक होगी बरसात, हवाएं चलने की संभावना**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
गर्मी के बीच उत्तराखंड में मौसम बदलने के आसार हैं। सात से 10 मई तक प्रदेश के दो जिलों को छोड़कर प्रदेश भर में आकाशीय बिजली गिरने के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। साथ ही प्रदेश में बारिश होने का भी अनुमान हैं। बारिश जहां जंगल की आग बुझाने में सहायक होगी, वहीं तापमान में गिरावट आने से लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी।




मौसम विभाग के अनुसार उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर जनपदों में कहीं-कहीं हल्की बारिश तथा सात मई से लेकर 10 मई तक राज्य के सभी जनपदों में टिहरी गढ़वाल और देहरादून को छोड़कर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि सात मई से लेकर 10 मई तक गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा झोंकेदार हवाएं चलने से जान-माल की हानि का भी खतरा है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने पूवार्नुमान के साथ येलो अलर्ट जारी करते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में इस सप्ताह बन रही बरसात की संभावना के दृष्टिगत जंगलों में लगी हुई आग बुझाने में यह बरसात सहायक होगी तथा तापमान में भी गिरावट आने से लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी।

# उपभोक्ता शिकायत निराकरण मंच के शिविर में उपभोक्ताओं ने गिनायी शिकायतें

**शिविर**

**- दानू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के कार्य में गुणवत्ता का अभाव है**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल ब्लाक सभागार में सोमवार को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निराकरण मंच कर्णप्रयाग के सौजन्य से शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अपभोक्ताओं ने बिजली के आ रहे भारी भरकम बिल, क्षेत्र में झूल रहे बिजली की लाइन, खराब हो चुके बिजली के खंभो को बदलने, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योत योजना में आधे अधूरे कार्यों की जांच की मांग उठी।
शिविर में उपभोक्ता शिकायत निराकरण मंच के सदस्य शशिभूषण मैठानी ने उपभोक्ताओं को ज्यादा आ रहे बिलों, मीटर फूंकने, नये मीटर लगाने, बिजली का उपभोग किलोवाट में करने सहित तमाम समस्याओं के निदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की शिकायत विभाग के एसडीओ से करनी है। समस्या का हल शहरी क्षेत्र तीन दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में छह दिन का समय निर्धारित है।
क्षेत्र प्रमुख डॉ. दर्शन दानू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के कार्य में गुणवत्ता का अभाव है। जमदयो और कोटीपार तोक में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है। खेता गांव में सौ से अधिक बिजली के पोल जंक खा रहे है जबकि गांव में बिजली की लाइन बांज के पेड़ों पर बांधी गई है। घरों के उपर से लाइन जा रही है। यह जांच का विषय बना है। लाइनमैन और मीटर रिडरों के तैनाती की मांग उठाई। उन्होंने ऐराठा सहित कई गांव में बिजली के तार पेडों पर टच होने से करंट आ रहा है।
शिविर में देवसारी, मोपाटा गांव में तार झूलने और खंभे खराब होने, बीपीएल परिवारों को सीएफएल बल्ब, बोल्ड, केविल नहीं मिलने का मामला उठाया गया।
इस मौके पर एसडीओ अतुल कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य जशवंत कुंवर, प्रताप राम, रमेश राम, प्रधान मनोज मिश्रा, नंदाबल्लभ, खीम राम, दिलमणी जोशी, उमेद बोरा, राजस्व उपनिक्षक प्रमोद नेगी, पुष्कर नेगी, जेई हेमंत चमोला, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# चोरी के आरोपित को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया है। आरोपित के एक साथी की तलाश है। थाना बुग्गावाला निवासी जोगेन्द्र सिंह काम्बोज पुत्र समे सिंह हाल निवासी जनपद देहरादून ने अपने पुस्तैनी मकान बुग्गावाला से इंटरलॉक मशीन, सिलाई मशीन और प्रेस चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाने में अज्ञात के खिलाफ बीते रोज मुकदमा दर्ज कराया था।
आरोपितों के संभावित स्थानों पर पुलिस ने जगह-जगह दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने



एक आरोपित नरेश उर्फ काला पुत्र दर्शनलाल निवासी बुग्गावाला को दौड़बसी रोड से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि चोरी की घटना में उसके साथ एकअन्य व्यक्ति अनिल पुत्र सरमौर निवासी बुग्गावाला भी सम्मिलित था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

